नोएडा में पर्थला सिग्नेचर ब्रिज वाहनों के लिए खुला

नोएडा, विशेष संवाददाता। ढाई साल इंतजार के बाद पर्थला गोलचक्कर पर सिग्नेचर ब्रिज शुरू हो गया। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका उद्घाटन किया। इसके खुलने से नोएडा से ग्रेनो वेस्ट किसान चौक की तरफ आने-जाने वालों की राह आसान हो गई है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने नोएडा-ग्रेनो की 1718 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने नोएडा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज नोएडा- ग्रेटर नोएडा वैश्विक मंच पर अलग पहचान बना चुका है। यहां ना सिर्फ देश के विभिन्न राज्यों से, बल्कि विदेशों से भी निवेशक आ रहे हैं।

पाक भी ठंडा हो जाएगा: उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जैसे माफिया ठंडे हो गए, वैसे ही मौसम भी ठंडा हो गया है। भारत आज अपने अमृतकाल में चल रहा है और नए भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है। वहीं, पाकिस्तान एक-एक रोटी का मोहताज है।

ग्रेटर नोएडा में हर साल 60 हजार रोबोट बनेंगे

योगी ने रविवार को सेक्टर इकोटेक-10 में एडवर्ब टेक्नोलॉजी औद्योगिक इकाई का उद्घाटन किया। इस कंपनी में वेयर हाउस में इस्तेमाल होने वाले 12 प्रकार के रोबोट बनेंगे। देश की सबसे बड़े रोबोट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट में सालाना 60 हजार रोबोट बनेंगे।